## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**सतना।** उचेहरा थाना अंतर्गत मौहार स्थित फौजी ढाबा के सामने से गुजरने वाले रेल ट्रैक पर रविवार सुबह एक युवक की लाश पड़ी पाई गई। युवक की लाश को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। ज्यादातर ग्रामीणों का कहना है कि कतिपय तत्वों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर युवक की किसी अन्य स्थान पर हत्या करने के बाद लाश को रेल ट्रैक पर लिटाकर इस दुर्घटना बताने का षडय़ंत्र रचा गया है। मृतक की शिनाख्त वार्ड क्रमांक 18 हनुमान नगर नई बस्ती सतना निवासी आशीष कुशवाहा पुत्र रामनिवास कुशवाहा उम्र 30वर्ष के रुप में की गई है। बताया जाता है कि युवक गत दिवस अचानक घर से लापता हो गया था। आज रेल ट्रैक पर उसकी लाश पाये जाने की खबर मिलते ही उचेहरा थाना प्रभारी सतीश मिश्रा पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। पंचनामा तैयार कराने के बाद पुलिस ने शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को मर्चुरी में रखवा दिया है। पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक जब तक डिटेल पीएम रिपोर्ट प्राप्त नही होती यह नहीं कहा जा सकता कि युवक की मौत कैसे हुई। उधर ग्रामीणों ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए पुलिस के समक्ष कहा कि गाड़ी से गिरने अथवा टकराने पर युवक के शरीर में चोट आनी चाहिए जबकि मृतक के शरीर में कोई चोंट नहीं है। इस बात की गहराई से जांच कराई जाये।

### उपकार की बेटियों ने भी मारी बाजी



**सतना।** 'उपकार हम हैं सोसाइटी' की गोद ली गई बेटियां अच्छे अंकों से पास हुई है। अध्यक्ष सोनिया जॉली ने बताया कि अनोखी गुप्ता 95 प्रतिशत कक्षा 7,अंशिका द्विवेदी 90 प्रतिशत कक्षा 12,श्रेया वर्मा 87.2 प्रतिशत,रवीना चौधरी 75.4 प्रतिशत, मोना चौधरी 77.2 प्रतिशत, संजना चौधरी 74.6 अंकों से पास प्रतिशत,अंजना चौधरी 90 प्रतिश कक्षा 10 और शिवानी साकेत 81 प्रतिशत अंकों से पास हुई है।

### प्राजंलि ने उंचा किया विद्यालय का नाम

**सतना।** शासकीय वेंकट उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षारत कक्षा दसवीं की छात्रा प्राजंलि जोशी ने 89.4 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम उंचा किया है। स्थानीय डाली बाबा में रहने वाली प्राजंलि जोशी को 500 में 447 नंबर प्राप्त हुए हैं।

### प्रदेश में नेशनल लोक अदालत 11 मई को

**सतना।** प्रदेश में नेशनल लोक अदालत शनिवार 11 मई,2024 को आयोजित की जा रही है।नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेवल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जायेगा,जिसमें मध्यप्रदेश सरकार पक्षकार है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण,धन वसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले,श्रम एवं रोजगार विवादों से संबंधित मामले, बिजली,पानी और अन्य बिल भुगतान से संबंधित मामले,वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले(तलाक को छोड़कर),भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले,वेतन-भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के सेवा मामलों से संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किये जायेंगे।

### नरवाई जलाने की घटनायें आई सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है।

# भीषण गर्मी से त्राही-त्राही कर रहे हैं लोग

## मतदान के दिन रिकॉर्ड किया गया था 42.2 डिग्री सेल्सियस

भीषण गर्मी ने लोगों की जीना बेहाल कर दिया है लोग त्राही-त्राही कर रहे हैं। दोपहर को ऐसा लगता है जैसे कर्फ्यू लगा हो सड़कें सूनी हो जाती हैं। लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में दुबके रहते हैं। रविवार को अधिकतम तापमान 41.2 और न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

**सतना।**



आपको बता दें कि मतदान के दिन यानी 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42.02 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था।आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने के आसार हैं। यानी अभी गर्मी से राहत के कोई आसार नहीं है।आने वाले दिनों में दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी बढ़ने के आसार हैं। डा. सर्वजीत सिंह के मुताबिक गर्मी में दोपहर के समय खासकर 12 से चार बजे तक तापमान में बढ़ोतरी हो जाती है। तेज गर्मी में धूप के सीधे संपर्क में आने से बच्चों में लू लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे मौसम में अगर सावधानी से काम लिया जाए,तो बीमारियों से बच्चों को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लू लगने के लक्षणों में उल्टी-दस्त,शरीर तेज गर्म होना,आंखों का रंग पीला पड़ना व पेशाब पीला आना प्रमुख हैं। इस दौरान भूख कम लगती है और शरीर में कमजोरी आ जाती है।

### गर्मी से ऐसे करें खुद का बचाव

दोपहर के समय घर से बाहर न जाएं। जरूरी हो तो शरीर को ढंक कर ही बाहर निकलें। कहीं भी जाते समय पानी की बोतल अवश्य साथ में रखें। शरीर में पानी की कमी होने पर ओआरएस के घोल,लस्सी,नारियल पानी,खीरा व तरबूज का सेवन करें। फिल्टर या उबाल कर ही पानी पीएं। बाहरी खाने जैसे गोलगप्पे,चाट पापड़ी व आइसक्रीम से परहेज करें।

### तापमान पर एक नजर

सतना में पिछले रविवार से जिस तरीके से मौसम का मिजाज गरम-गरम है उसमें पिछले रविवार को अधिकतम तापमान 40.7 और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। इसी प्रकार सोमवार को अधिकतम तापमान 38.8 और न्यूनतम तापमान 26.0,मंगलवार को अधिकतम तापमान 39.01 और न्यूनतम तापमान 27.4,बुधवार को अधिकतम तापमान 40.6 और न्यूनतम तापमान 24.6 गुरुवार को अधिकतम तापमान 41.9 और न्यूनतम तापमान 24.0,शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42.2 और न्यूनतम तापमान 25.1,शनिवार को अधिकतम तापमान 40.5 और न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था।

## रीवा-बांद्रा टर्मिनस के बीच चलेगी अनारक्षित स्पेशल सवारी गाड़ी



**सतना।**

रेलवे ने गर्मी के सीजन में छुट्टियों के दौरान विंध्य क्षेत्र से मुंबई तक की यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। ये स्पेशल ट्रेन जनरल श्रेणी में रेल यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को बड़ी राहत देगी। बांद्रा टर्मिनस-रीवा स्टेशन के बीच स्पेशल किराए पर अनारक्षित सप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में सभी बोगियां सामान्य द्वितीय श्रेणी की होंगी।पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि ट्रेन संख्या 09129/09130 बांद्रा टर्मिनस-रीवा-बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 18 फेरे लगाएगी। ट्रेन संख्या 09129 बांद्रा टर्मिनस-रीवा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से तड़के 04.30 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेशनों से होते हुए इटारसी रात्रि 21.26 बजे,जबलपुर मध्य रात्रि 01.35 बजे,कटनी 03.30 बजे,मैहर 04.36 बजे,सतना 05.25 बजे और प्रातः 07.00 बजे रीवा पहुंचेगी। यह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 2,9,16,23 एवं 30 मई (05 ट्रिप) और 06,13,20 एवं 27 जून (04 ट्रिप) 2024 तक चलेगी। ट्रेन संख्या 09130 रीवा-बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को रीवा से 11.00 बजे प्रस्थान कर सतना 12.50 बजे,मैहर 13.15 बजे,कटनी 14.10 बजे,जबलपुर 15.35 बजे,इटारसी 20.45 बजे पहुंच कर अन्य स्टेशनों से होते हुए और अगले दिन 12.15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 3,10,17,24 एवं 31 मई (05 ट्रिप) और 07,14,21 एवं 28 जून (04ट्रिप) 2024 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चलथान, बारडोली, नंदुरबार, पालधी, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर,कटनी,मैहर और सतना स्टेशन पर रुकेगी।

## 163 एकड़ वन भूमि के विरुद्ध प्रस्तुत वाद निरस्त

**सतना।**

तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड सतना पीठासीन अधिकारी पूर्णिमा सिंह बघेल ने राम जानकी धार्मिक संस्था ट्रस्ट पुरानी लंका चित्रकूट अध्यक्ष रोहिणी प्रपन्नाचार्य जी महराज द्वारा विरुद्ध मध्य प्रदेश राज्य,वन मंडल अधिकारी सतना एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी परिक्षेत्र चित्रकूट के मौजा नयागांव तहसील मझगवां स्थित भूमि सर्वे नंबर 969 रकवा 63 बीघा 14 विस्वा सर्वे नंबर 970 रकवा 156 बीघा 05 विस्वा कुल किता 02 कुल रकवा 219 बीघा 19 विस्वा की स्वत्व घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा जारी किए जाने हेतु प्रस्तुत दावा सुनवाई के पश्चात निरस्त कर दिया है। मामले में राज्य एवं वन विभाग की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक/शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा (जीपी) ने बताया दावाकर्ता के अनुसार राम जानकी धार्मिक संस्था ट्रस्ट जिसके अध्यक्ष रोहिणी प्रपन्नाचार्य है उक्त वादग्रस्त भूमि में विधिवत मालिक स्वामी होकर काबिज दाखिल है आश्रम की गाएं आराजी के चारे का उपयोग करती रही हैं पूर्व में अभिलेखों में विधिवत बलराम प्रपन्नाचार्य जी महाराज का नाम अभिलिखित किया जाता रहा है बलराम प्रपन्नाचार्य के समय में ही राम जानकी धार्मिक संस्था ट्रस्ट का गठन हुआ था,ट्रस्ट की स्वीकृत के बाद आराजी का इंद्राज खसरों में दिनांक 2/ 3/ 1970 को किया गया था,श्री प्रपन्नाचार्य द्वारा आराजी में कई प्रकार के वृक्ष लगवाए गए,वर्तमान में रोहिणी प्रपन्नाचार्य तथा सभी संतगण आराजी का उपभोग करते रहे हैं तथा वह विधिवत स्वत्वाधिकारी व आधिपत्यधारी हैं दावाकर्ता के अनुसार विवादित भूमि जंगल की भूमि नहीं है ना ही जंगल विभाग का कोई मुनारा मौजूद है भूमियां राजस्व भूमि है तथा अनुविभागीय अधिकारी रघुराज नगर तथा पब्लिक ट्रस्ट अधिकारी रघुराजनगर द्वारा विधिवत रूप से स्वीकृत एवं शासन को संपूर्ण तथ्यों की जानकारी का पूरा ड्राफ्ट समस्त जानकारी सहित भेजे जाने के पश्चात ही ट्रस्ट को मंजूरी प्रदान की गई थी यदि वह जंगल भूमि होती तो पब्लिक ट्रस्ट में आराजी के दर्ज होने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता क्योंकि ट्रस्ट के गठन के समय आश्रम का पूरा सोना चांदी, रुपया पैसा,आराजी आश्रम/ट्रस्ट गठन के समय ही दर्ज करा दिया गया था वादीगण का यह दावा रहा है कि दिनांक 16अगस्त 15 को वन विभाग के कर्मचारियों ने जबरिया ताकत के बल पर कब्जा कर लेने,तार खींचकर बाउंड्री बना देने,की धमकी दी थी जिस पर विधि वत्त धारा 80 का नोटिस जारीकर वाद संस्थित किया गया है। शासन की ओर से जवाब प्रस्तुत करते हुए शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा ने न्यायालय को अवगत कराया कि भूमि वन भूमि है वन सीमा के अंतर्गत है जिसमें वन विभाग द्वारा ही वृक्षारोपण किया गया है वादीगण के पक्ष में कभी कोई नामांतरण आदेश पारित नहीं किया गया,मध्य प्रदेश राज्य पत्र दिनांक 2 फरवरी 1968 को वादग्रस्त आराजी वन भूमि घोषित की जाकर वन विभाग को अंतरित की गई थी वृक्षारोपण पुराना तथा नया वन विभाग द्वारा ही किया गया है और वन विभाग द्वारा ही आराजी का संरक्षण किया जा रहा है वाद ग्रस्त संपत्ति 969 का जुज भाग 40.12 एकड एवं आराजी नंबर 970 का जुज भाग 98.43 एकड़ मध्य प्रदेश राजपत्र दिनांक 2 फरवरी 1968 के माध्यम से वन खंड हनुमान धारा वादग्रस्त आराजी को मिलते हुए रकवा 4950 एकड़ वन भूमि घोषित किया गया है तब से निरंतर वन विभाग का कब्जा दखल है विधिवत सुनवाई के पश्चात न्यायालय ने दावा निरस्त करते हुए वादी का स्वत्व,आधिपत्य मानने से इंकार करते हुए स्थाई निषेधाज्ञा जारी किए जाने से भी इंकार कर दिया है।मामले में राज्य की ओर से रमेश मिश्रा (जीपी) के साथ उनके सहयोगी राजीव शुक्ला,भूपेंद्र दहायत ने पैरवी की है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सतना के बच्चों ने कमाया नाम



**सतना।**

विश्व के अलग-अलग देशों में यूसीमास की आयोजित होने वाली राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के मध्यप्रदेश में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। होनहारों के इस महाकुंभ का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर में सम्पन्न हुआ। जहां समूचे मध्यप्रदेश के 10 संभागों के,55 जिलों से,239 सेंटर से एकत्रित होने वाले 6600 बच्चो को 8 मिनट में,200 जटिल अंकगणित सवालों को हल करने का लक्ष्य रहा। जिसमें सतना शाम्भवी एबेकस एकेडमी के141 छात्रों ने युद्ध स्तरीय रूप से पिछले 2 महीने की,प्रतिदिन कई घंटों की कड़ी मेहनत के बाद कॉम्पटीशन में दमखम से भाग लिया।संस्था संचालक विक्रम ने बताया कि कैलकुलेटर से भी कई गुना तेज खुद को साबित करने वाली,8 मिनट की,सेकंड भर से भी कम समय मे उत्तर लिखने वाली यह स्पर्धा दो चरण में हुई है। पहला प्रश्नों को देख,रफ्तार से हल कर लिखना दूसरा चरण प्रश्नों को सुनकर हल कर उत्तर लिखना(लिसनिंग कम्पटीशन) प्रदेश भर के छात्रों के बीच लिसनिंग कॉम्पटीशन टॉप-5 में ध्रुव सत्यम सिंह ने अपनी जगह बनाई। रनरअप पायदान पर आराध्य शॉ और विश्रुत देव सिंह फर्स्ट,शिव दुबे सेकंड,राज सिंह थर्ड,गौरांश बिड़ला और सानिध्य सिंह गहरवार फोर्थ,कृष्णम सिंह फिफ्थ स्थान पर रहे। इन वीरवानों ने खुद को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित कर राज्य व विंध्य को गौरवान्वित किया। साथ ही अन्य सैकड़ों छात्र ने विभिन्न सफलतम पायदान पर खुद को रखा,जिसमें 36 मैरिट, 43 कॉन्सुलेशन, 19 पार्टीसिपेट का मुकाम हासिल किया।



## अमरीकी मूल के माता-पिता ने ईषानी को लिया गोद

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने रविवार को मातृछाया सेवा भारती सतना पहुंचकर गोद लेने के इच्छुक अमरीकी मूल के नागरिकों के हाथों में बच्ची ईशानी को सौंपा। कलेक्टर श्री वर्मा ने मातृछाया में स्वयं उपस्थित होकर दत्तक ग्रहण की कार्यवाही पूर्ण की और इच्छुक दंपित्त से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कानूनी रूप से स्वयं अभिभावकों के हाथों में बच्ची को सौंपते हुए उनसे बच्ची को कभी अनाथ नहीं समझने का वचन लिया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सौरभ सिंह उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा अपने कार्यकाल में अब तक 47 दत्तक ग्रहण के आदेश जारी कर बच्चों को गोद लेने के इच्छुक दम्पत्तियों को सौंपा जा चुका है। इनमें अप्रैल 2021 से मार्च 2022 में 7 बच्चे,अप्रैल 2022 से मार्च 2023 में 12 और अप्रैल 2023 से मार्च 2024 में 28 बच्चों के दत्तक ग्रहण आदेश जारी हुये हैं। कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा बच्चों के गोद लेने के मामले में नवाचार किया गया था। पहले गोद लेने वाले दंपत्ति को कलेक्टर न्यायालय में उपस्थित होना पड़ता था। लेकिन कलेक्टर श्री वर्मा ने नई व्यवस्था करते हुये बच्चों को गोद लेने वाले दंपत्तियों को कलेक्टर न्यायालय में उपस्थित नहीं होना पड़े। इसके लिये कलेक्टर स्वयं संबंधित संस्था में पहुंचकर दंपत्तियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर स्थिति के अनुसार बच्चों को सौंपते हैं।

## विधानसभावार स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच ईव्हीएम मशीनों को रखा गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र का सांसद चुनने के लिए 26 अप्रैल को कटनी जिले में हुए शांति पूर्ण और निर्विघ्न मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईव्हीएम मशीनों को सुरक्षित तरीके से जमा कराने का कार्य देर रात तक चला। इसी के साथ खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के 14प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईव्हीएम मशीनों में बंद हो चुका है।कल देर रात तक सामग्री जमा करने का सिलसिला चला। इस दौरान पूरे समय कलेक्टर अवि प्रसाद मौजूद रहे। मतदान के बाद आईं ईव्हीएम मशीनों को कृषि उपज मंडी पहरूआ में विधानसभा क्षेत्रवार पहले से बनाए गए अलग -अलग स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। यह सिलसिला अलसुबह तक चला।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईव्हीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में लाक किया गया।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते, सहायक रिटर्निंग अधिकारी मुड़वारा प्रदीप कुमार मिश्रा, बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया और विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई सहित डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं विवेक गुप्ता मौजूद रहे।

### कैमरों से हो रही निगरानी

स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कृषि उपज मंडी परिसर का ज़र्रा- ज़र्रा सुरक्षा बलों की निगहबानी में है। इसके अलावा स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। इस कार्य में पूरी पारदर्शिता की दृष्टि एल ई डी स्क्रीन लगाई गई है। मतदान सामग्री जमा करने मंडी परिसर पहुंचे मतदान दलों से जो जहां- जैसे बैठे थे,उन सबके पास जा -जाकर कर कलेक्टर श्री प्रसाद ने वन -टू -वन मुलाकात की, चुनाव के विशेष कर मतदान और मतदान केन्द्रों में उनके और मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। कलेक्टर ने मतदान कर्मियों से परिवार के मुखिया की भांति मतदान केंद्र में रहने, खाने प्रसाधन व्यवस्था, पेयजल आदि की समुचित उपलब्धता की जानकारी ली और उनके अनुभव सुने। मतदान कर्मियों ने व्यवस्थाओं की सराहना की । महिलाओं ने प्रसाधन और कूलर, पंखों के बेहतर इंतजाम के साथ ही पेयजल और खाने को मिले भोजन की गुणवत्ता की खास तौर पर सराहना की

खबर संक्षेप

## हाई स्कूल परीक्षा में पूर्णिमा सिंह सोलंकी ने अमानगंज में पाया पहला स्थान, 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**अमानगंज-** नगर अमानगंज की प्रमुख शैक्षणिक संस्थान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज में अध्यनरत छात्रा कुमारी पूर्णमा सिंह सोलंकी ने वर्ष 2023- 24 हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में अमानगंज नगर में पहला स्थान पाया। याद हो कि बच्ची ने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 500 में से 469 अंक प्राप्त कर 93ः के साथ नगर में पहला स्थान प्राप्त किया है। हिंदी, गणित, अंग्रेजी सहित सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की। आपके पिता बालेंद्र सिंह सोलंकी और माताजी गुड्डी सिंह सोलंकी को स्कूल शिक्षा विभाग ने धन्यवाद दिया है। इस मौके पर स्थानीय नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक ने मेधावी छात्रा कुमारी पूर्णमा सिंह को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की और संस्था प्राचार्य मनीष कुमार रेजा सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई दी है।

## अन्वी द्विवेदी ने किया नगर का नाम रोशन, जिले की मेरिट में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**देवेन्द्रनगर।** पूत के पांव पालने में दिखते है इस कहावत को चरितार्थ करके दिखा रही है देवेंद्र नगर निवासी जगदीश द्विवेदी और शुमी द्विवेदी की पुत्री अन्वी द्विवेदी जिन्होंने 12 वी में गणित संकाय में 500 में 480 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट में पहला स्थान हासिल किया है। अन्वी द्विवेदी पहले भी 10 वी में मेरिट में अपना नाम दर्ज करा चुकी है। वर्तमान में रेनबो पब्लिक स्कूल की इस छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन से अपने माता पिता सहित पुरे नगर का नाम रोशन किया है।अन्वी की सफलता पर सभी शुभचितकों ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अन्वी ने बताया है को उनकी इस सफलता में उनके माता पिता का संघर्ष और गुरुजनों का सही मार्गदेशन का बहुत बड़ा योगदान है आगे वो प्रसासनीक सेवा में जाकर देश सेवा करने की इच्छा जाहिर करती नजर आईं।

## आज से होगी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तीन दिवसीय गिद्ध गणना

**उमरिया।** जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ग्रीष्म कालीन गिद्ध गणना की तैयारियों में लगा हुआ है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 29 अप्रैल से तीन दिवसीय गणना होगी। गिद्ध गणना में टाइगर रिजर्व के अधिकारी-कर्मचारी क्षेत्र में जाकर प्रपत्र को भरकर क्षेत्र संचालक कार्यालय भेजेंगे। तीन दिवसीय गिद्ध गणना के लिए कर्मचारियों को जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया है। टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों में गणना होगी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्र के 139 बीट में 500 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी गिद्धों की गणना करेंगे। अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र में पैदल घूमकर गिद्ध गणना करेंगे। इस दौरान प्रपत्र में परिक्षेत्र, स्थान, संख्या और अन्य जानकारी भरकर क्षेत्र संचालक कार्यालय में जमा करेंगे। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के चार परिक्षेत्र ताला, पतौर, खितौली और पनपथा कोर एरिया में गिद्ध दिखाई देते हैं। बांधवगढ़ में मुख्य रूप से देशी गिद्ध, सफेद गर्दन वाले गिद्ध, राज गिद्ध, सफेद गिद्ध और यूरेशियन गिद्ध देखने को मिलते है।

# बृहस्पति कुण्ड के विकास को लेकर पर्यटन व रोजगार के सपने साकार करने को लेकर कलेक्टर सुरेश कुमार ने जमीनी स्तर पर जायजा लेकर आगे दिशा की तय

जिले के विकास में कलेक्टरों के योगदान को लेकर ही प्रमुखता से माना जाता है। सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने को लेकर जिले की मुखिया की सोच से ही विकास की दिशा तय होती है। तत्कालीन कलेक्टर संजय कुमार मिश्र ने जहां बृहस्पितिकुण्ड में पहुंचकर यहां के प्राकृतिक झरने को देखते ही पर्यटन की संभावनाओं को लेकर दिशा दी थी। वहीं लोकसभा चुनाव सम्पन्न के ठीक दूसरे दिन कलेक्टर सुरेश कुमार ने पहुंचकर राम वन पथ गमन मार्ग में बृहस्पितिकुण्ड के विकास कार्य का जायजा लिया। अब जागी उम्मीद बृहस्पितिकुण्ड को लेकर विकास की दिशा अंजाम तक पहुंचने को लेकर होगें सपने सकार।

**स्थानीय रहवासियों से चर्चा कर कुण्ड के प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए रोजगार की कार्य योजना को लेकर दिया जोर**





पन्ना

कलेक्टर सुरेश कुमार ने अवकाश के दिन रविवार को ही जहां पर्यटन स्थल बृहस्पितिकुण्ड पहुंचकर विकास कार्य को लेकर जमीनी स्तर पर जायजा लिया है। गौरतलब बात यह है कि मध्यप्रदेश सरकार के एजेण्डे में जहां राम वन पथ गमन के उन चिन्हित स्थलों के विकास को अंजाम देने के लिए पूर्व से ही पन्ना जिले के चार स्थानों पर जहां अध्यात्मिक एवं पर्यटन विकास को ध्यान में रखते हुए कार्यों को दिशा दी जानी है। वहीं पन्ना जिले के विकास में जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर का योगदान ही प्रमुखरूप से माना जाता है। अब तक पन्ना में जो भी बड़े विकास कार्य हुए है उनमें कलेक्टरों की भूमिका महत्वपूर्ण रूप से आज भी खुद बयां हो रही है। जिसमें प्रमुख रूप से तत्कालीन दीपाली रस्तोगी कलेक्टर पन्ना का कार्यकाल जो आज भी केन्द्रीय विद्यालय जैसे शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति के आयाम का सोपान है। वहीं तत्कालीन कलेक्टर आर.के. चतुर्वेदी के समय जिले की धार्मिक स्थलों में प्रमुख मंदिरों के विकास को लेकर आसपास के क्षेत्रों में गति मिली थी चाहे वह सारंगधाम मंदिर हो या फिर अजयगढ़ क्षेत्र में प्रसिद्ध सिद्ध स्थल हनुमान जी मंदिर झिन्ना वहीं पर्यटन व शिक्षा की दिशा को लेकर बात करें तो तत्कालीन कलेक्टर संजय कुमार मिश्र ने भी जहां बृहस्पितिकुण्ड पहुंचकर वहां के प्राकृतिक झरने को देखकर ही पर्यटन की दिशा को तय करने हेतु आगे बढ़ाया। वहीं इतना ही नहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी आज कृषि महाविद्यालय की सौगात में भी कलेक्टर संजय कुमार मिश्र का योगदान सदैव याद रहेगा। कर्तव्य की भूमिका को लेकर वहीं बृहस्पितिकुण्ड जो धार्मिक अध्यात्मिक तथा पर्यटन के क्षेत्र में जिले के विकास को कई तरह से भावी संभावनाओं को लेकर माना जा रहा है। जिससे रोजगार के अवसर भी साकार होगें। आज कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच भी कहीं न कहीं साकारात्मक दिशा के साथ बृहस्पितिकुण्ड से ही आज सामने आ गई जिस तरह से लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद रविवार के दिन अवकाश में कलेक्टर सुरेश कुमार राम वन पथ गमन कार्य के तहत जिन चार स्थानों पर आगे कार्य तय हो रहा है उनमें बृहस्पिति कुण्ड प्रमुख है जहां पहुंचकर आपने बृहस्पितिकुण्ड के सौदर्य व प्राकृतिक रूप से जो हमें प्रकृति से प्रदत्त है उसके बारे में बाखूबी जाना। स्थानीय लोगों से रोजगार की संभावनाओं के बारे में भी चर्चा की तथा कार्य योजना बनाने के लिए निर्देश दिये। अब वह दिन सायद पूरे होगें जो सपने दिखाये गये थे कलेक्टर संजय कुमार मिश्र के समय उनको जमीन रूप में क्रियान्वयन की दिशा तय करने को लेकर कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच के चलते उम्मीदें पूरी होगी ऐसा मना जा रहा है। पर्यटन के क्षेत्र में आधुनिक दिशा जो बृहस्पितिकुण्ड से तय होनी है वह अपने आप में पन्ना जिले का नाम अलग ही जाना जायेगा। इसको लेकर यह श्रेय की भूमिका स्वयं ही तय होती है कर्मक्षेत्र से कार्यकाल के रूप में कलेक्टर सुरेश कुमार का नाम सायद पन्ना जिले के उन कलेक्टरों में सुमार होगा जो विकास के महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम देने को लेकर आज भी जाने जाते है। सायद वह समय आ गया है पर्यटन के क्षेत्र में बृहस्पितिकुण्ड को लेकर जो कार्य होना है वह सपने साकार होगें।

## नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक



**पन्ना।** आगामी 11 मई को नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन व अधिकतम प्रकरणों के राजीनामा के जरिए निराकरण के उद्देश्य से आज जिला न्यायालय के एडीआर सेन्टर में जिला न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस मौके पर उपस्थित बीमा कम्पनी के क्लेम प्रकरणों के अभिभाषकगणों से आवश्यक चर्चा की गई। प्रीसिटिंग बैठक में सालसा द्वारा प्रतिकर राशि के संबंध में जारी गाइडलाइन अनुसार उभयपक्ष के मध्य विस्तार से चर्चा की जाकर प्रतिकर राशि पर सहमति बनाई गई और प्रपोजल तैयार कराया गया। बीमा कम्पनी से सहमति प्राप्त होते ही उक्त सभी प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते सहित क्लेम प्रकरणों के अभिभाषकगण किशोर श्रीवास्तव, एम.एल. अवस्थी, दीपक उपाध्याय, नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पवन शुक्ला, सुरेन्द्र सिंह परमार, अशोक शर्मा, भानुप्रताप जड़िया एवं प्रमोद पटेल भी उपस्थित रहे।

## सभी वार्डों में स्मैल वाला पानी पीने को मजबूर नगरवासी

**देवेन्द्रनगर।** नगर परिषद देवेन्द्रनगर में इन दिनों स्वच्छ पानी को ले कर हाहा कार मचा हुआ है जहॉ तक एक और देश के प्रधानमंत्री जी द्वारा नल जल योजना के तहत घर घर में स्वच्छ जल पहुचाने की कवायद चल रही है वही नगर में हालात कुछ और ही है यहॉ तो हालत अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत चरिचार्थ होती नजर आ रही है जो भी पार्षद बन जाता है उसे वार्ड वासियों की सुध तक लेने की फुर्सत नही रहती बस नगर परिषद में कहॉ से पैसा आये इस पर सभी पार्षद अपनी नजर बनाये रहते है उन्हे जनता की परेशानी के मुद्दे से कुछ लेना देना नही है कुछ महीनों से देवेन्द्रनगर वार्ड में जो भी पानी आ रहा है उसमें एक अजीब तरह की स्मैल आ रही है नाली जैसी बदबू जो पानी पीने योग्य नही है जिसकी शिकायत नागरिकों द्वारा सोशल मिडिया के माध्यम से की गई लेकिन आज तक इस समस्या का निराकरण नही हो सका देवेन्द्रनगर वासी स्वच्छ पानी को तरस रहे हैं इस पानी के पीने से बीमारिया फैल रही है, पन्ना कलेक्टर से देवेन्द्रनगर वासियों ने इस समस्या को जल्द से हल कराने की अपील की हैं।

## शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले गरीब छात्र-छात्राओं के भविष्य पर क्या होगा गौर

**शासकीय शिक्षक विद्यालयों में पदस्थ धड़ल्ले से घरों में कोचिंगों का संचालन जिम्मेदार कौन?**

**पन्ना।** शिक्षा ही विकास का प्रमुख आधार मानी जाती है। शिक्षा से ही भावी भविष्य के निर्माण को लेकर दिशा तय होती है। पन्ना जिले में निश्चितौर पर कई शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक धड़ल्ले से कोचिंग सेन्टर में शिक्षकों के द्वारा संचालन करते हुए शिक्षा प्रदान की जाती हैं अच्छी खासी राशि कोचिंग में छात्र-छात्राओं से लेना एक प्रमुख व्यवसाय बन गया है। वहीं शासकीय विद्यालयों में रिजल्ट को लेकर हाई स्कूल हो या हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम की बात करें तो उम्मीदें की जाती है पर शिक्षा को जब तक व्यवसाय से अलग करके नहीं दिशा तय की जायेगी तब तक सायद हालात कुछ कह पाना कठिन होगें निश्चितौर पर महानगरों में कोचिंग का व्यवसाय बाखूबी पनप रहा है। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर प्रमुख माना जाता है। पर पन्ना जैसे जिला मुख्यालय में हालात उन शिक्षकों से क्या जिम्मेदार जानेगें जो शासकीय विद्यालयों में पदस्थ है सरकार की वेतन से विद्यालय में शिक्षा प्रदान करते है वहीं कोचिंग के व्यवसाय को भी स्वयं अंजाम देते है क्या ऐसे शिक्षकों की सूची विभाग के द्वारा बनाई जायेगी क्या इन्हें कोचिंग को लेकर खुली छूट है या फिर कोचिंग के व्यवसाय को लेकर शासकीय सेवा के साथ-

साथ इन्हें संचालन को लेकर कोई कानून नहीं। क्या विद्यालय में जो शिक्षक अपने विषय की शिक्षा प्रदान करने के लिए पदस्थ किये गये उनके परीक्षा परिणाम को लेकर जिम्मेदारी जो निहित होती है उस पर कितना गौर होता है वहीं कोचिंग में व्यवसाय को लेकर इनका ध्यान कितना रहता है साथ ही बात करें शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के तो अधिकत्तर छात्रायें गरीब घर के होते है। तभी तो शासकीय विद्यालयों में पढने के लिए पहुंचते है क्योंकि आर्थिक रूप से सम्पन्न परिवारों के बच्चे आरंभ से ही निजी विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करते है। यहां तो उन बच्चों के भविष्य दांव में लगते है जो आर्थिक रूप से सम्पन्न नहीं है मजबूर गरीब परिवारों के बच्चे जो शासकीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करते है वहां उन्हें सही तरीके से शिक्षा प्रदान करने को लेकर भी शिक्षकों के द्वारा उचित नहीं माना जाता। क्योंकि कोचिंग रूपी व्यवसाय कैसे चलेगा यह एक बड़ा सवाल है। अब यहां कोचिंग का संचालन अगर शासकीय शिक्षक सेवा का दायित्व निभाते समय पर करते है तो क्या यह उन छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं जिन्हें विद्यालय में वह शिक्षा जो मिलनी चाहिए वह सायद औपचारिकता साबित होती है। कोचिंग के लिए उनके पास अर्थ की व्यवस्था नहीं होती आखिर मजबूर गरीब छात्रों के साथ उनके भविष्य को लेकर क्या जागेगा

## सत्ता में असीन होने को लेकर देश के भावी भविष्य का सपना विश्व गुरू का कैसे होगा

राजनैतिक दल अब एक ही सिक्के के दो पहलू जैसे हालात बन चुके है। कांग्रेस हो या भाजपा सत्ता में आसीन होने के लिए जाति धर्म व अब तो आम आदमी की कमाई हुई राशि पर भी होने लगी राजनीति। कांग्रेस भाजपा से एक कदम आगे तय कर रही दिशा पहले ओबीसी को लेकर कार्ड वहीं आरक्षण पुराना रोग साथ ही अब तो अल्प संख्यक व विरासत में भी लगी नजर। कुर्सी को लेकर राजनीति को लेकर राजनैतिक पार्टियां कितने खेल खेलेगी क्या भावी भविष्य भारत देश को लेकर सिद्धांतों पर राजनेता करेगें गौर। या कि राजनीति के चलते देश के अदंर कई तरह से हालात विसमता के तय होगें।

पन्ना

वर्तमान में राजनीति सत्ता में आसीन होने के लिए किस तरह से दिशा तय हो रही है। राजनैतिक पार्टियां अपने आप को बोट बैंक को ध्यान में रखकर किसी भी हद तक गुजरने को लेकर दिशा तय कर रही है। जिस तरह से हालात वर्तमान में आज जाति, धर्म को लेकर राजनीति हो रही है। कोई भी राजनैतिक दल उस पर विराम लगाने को लेकर आगे नहीं बढ़ रहा। बल्कि दो कदम आगे तय करने को लेकर जाने जा रहे है। भाजपा हो या कांग्रेस अब तो सत्ता का ही खेल भाजपा ने जहां स्वयं को अपने आप धर्म के क्षेत्र में ठेकेदार के रूप में पार्टी सनातन से लेकर मंदिरों कीराजनीति की दिशा तय की वहीं हिन्दू राष्ट्र में हिन्दूवादी विचारधारा से आगे की दिशा तयकी वहीं कांग्रेस एक कदम आगे निकली पहले भी आरक्षण का रोग दिया वहीं अब ओबीसी कार्ड जाति गत जनगणना का खेल इसके बाद अल्प संख्यक को ध्यान में रखकर देश में विरासत टैक्स के बहाने सम्पत्ति की ओर नजर आखिर कितना बांटोगें सत्ता में आसीन होने को लेकर राजनैतिक पार्टियां किस तरह से खेल खेल रहे है। भारत देश जहां सभी जातियों धर्म व विचारा धाराओं का समागम अनेकता में एकता का पाठ पढ़ाया था कौमी एकता जैसे सिद्धांत थे सब मिलकर देश को आगे बढ़ाने को लेकर सिद्धांतों की राजनीति के साथ जाने जाते थे आज ईमानदारी दफन हो गई योग्यता किनारे हो गई। अब तो आरक्षण धर्म को लेकर राजनीति हो रही वहीं अब विरासत टैक्स के बहाने सम्पत्ति पूर्वजों की अल्प संख्यक को दिशा तय करने को लेकर कांग्रेस का खेल वोट बैंक को नजर कहां तक जायज क्या भारत में जाति आधारित राजनीति के बाद अर्थ पर भी होगी राजनीति। आखिर योग्यताओं को पहले ही दर किनार किया श्रेष्ट भारत के निर्माण को लेकर बखान करते है तो सिद्धांतवादी राजनीति को पीछे छोड़कर कैसे संभव। नारी सम्मान की बात करतें है गरीबों के लिए रोजगार की करते है मुप्त में रेवड़ी की तरह राशि सीधे खाते में डाली जाती हैं आखिर यह कैसा न्याय। क्या सत्ता मं आसीन होकर देश को ऊंचाईयों में पहुंचाने के लिए मंहगाई व बेरोजगारी की बढ़ती खाई पर नजर नहीं डालनी चाहिए वहीं प्राकृतिक रूप से जो संकट की दिशा सामने तय हो रही है नदी पहाड़ नेताओ की राजनीति के चलते अपना असली स्वरूप खो रहे है। आखिर हालात क्या तय होगें कहने को तो जल ही जीवन है पर पानी की संभावनाओं को लेकर भविष्य के लिए क्या तय किया जा रहा है कुछ कह पाना कठिन। वहीं परिवारिक व बुजुर्गों के सम्मान को लेकर जिस तरह से हमारे देश में आदर्श थे आज वृद्धा आश्रम इनकी देन बन गये है। आखिर हमारे देश का मान सम्मान जो इतिहास खुद बयां कर रहा है आज हम इतिहास में कहां दिशा तय कर रहे है। क्या जागेगें राजनैतिक दल। जिससे सिद्धांतवादी राजनीति के साथ देश को विश्व गुरू का सपना साकार करने को लेकर हो दिशा तय।

## पुलिस द्वारा बृजपुर थाना क्षेत्र में गोवंश को क्रूरतापूर्वक रस्सी से बांधा

# अवैध परिवहन करने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना परिवहन में प्रयुक्त एक कंटेनर ट्रक वाहन कीमती करीब 18 लाख एवं वाहन में भरे 32 नग पशु/गौवंश को जप्त किया गया**






**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को पशु तस्करी करने वालों व पशुओं को क्रूरतापूर्वक वाहन में भरकर ले जाने वालों के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था इसी तारतम्य दिनांक 26.04.24 की रात्रि को थाना प्रभारी बृजपुर उनि. भानु प्रताप सिंह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि एक कंटेनर ट्रक क्रमांक न्ज्ञ06ब्4439 में पन्ना तरफ़ से कुछ पशुओ को क्रूरतापूर्वक भरकर अवैध रूप से परिवहन कर बृजपुर से होते हुए सतना तरफ़ ले जाया जा रहा है, उनि. भानु प्रताप सिंह द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को मुखविर सूचना से अवगत कराया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन में एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति आरती सिंह व एसडीओपी अजयगढ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी बृजपुर उनि. भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व मे मुखविर की सूचना की तस्दीक कराकर पुलिस टीम द्वारा पन्ना तरफ़ से आने वाले वाहनो को रोककर चौक किया गया, इसी दौरान पन्ना तरफ़ से आता हुआ एक कंटेनर ट्रक (जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर न्ज्ञ06ब्4439) पुलिस को देखकर रुक जाता है जिसको पुलिस द्वारा जाकर देखा जिसमे ड्राइवर सहित एक अन्य व्यक्ति पुलिस को आता देख अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले जबकि ट्रक में सवार 02 व्यक्तियो को हिरासत में लेकर नाम पता पूंछा गया एक नें अपना नाम संजय पटेल पिता प्रभूदयाल पटेल उम्र 25 साल निवासी पुराणिक टोला तहसील रघुराजनगर जिला सतना का तथा दूसरे नें अपना नाम मैसाद अहमद पिता अहमद उल्ला उम्र 30 साल निवासी ग्राम अमाओ थाना खागा जिला फतेहपुर (उ. प्र.) का होना बताया ट्रक ड्राईवर के बारे में पूछने पर दोनो नें उसका नाम सोनू सिध्दकी निवासी बक्सी मौड़ा थाना करैली इलहाबाद तरफ का होना बताया, साथ ही कन्टेनर के पीछे गेट में लगे ताला को खुलवाकर चौक किए जाने पर वाहन में 32 नग गोवंश जिसमे से 01 गोवंश मृत अवस्था में जिन्हें क्रूरतापूर्वक रस्सी से पैर बांधकर ठूंस ठूंस कर भरकर ले जाते पाया गया वाहन में सवार व्यक्तियो से पशु परिवहन करने का परमिट मांगा गया जो पशु परिवहन का कोई वैध परिमिट नही होना बताया साथ ही गोवंश को कोतमा मंडी छत्तीसगढ़ लेजाना बताया गया, जिस पर पशु क्रूरता अधिनियम, पशु वध निषेध अधिनियम एवं एमव्हीएक्ट के तहत दंडनीय अपराध पाये जाने से वाहन ट्रक कंटेनर जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक न्ज्ञ06ब्4439 कीमती करीब 18 लाख एवं वाहन में भरे 32 नग गौवंश/पशु जप्त किये गये व चारों आरोपियो के विरुद्ध थाना बृजपुर में अपराध क्रमांक 104/24 पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है

**सराहनीय योगदान –** थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानु प्रताप सिंह, प्र.आर. राजेश ,आर. मुनेंद्र , सुधीर ,लखनलाल ,तेजुलाल

## खबर संक्षेप

### जिले की मैरिट में अंजली ने पाया दूसरा स्थान



**छतरपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों ने परचम लहराया है। प्रदेश की मैरिट में उत्कृष्ट विद्यालय के 4 बच्चों ने स्थान पाया है। वहीं जिले की मैरिट सूची में छात्रा अंजली ताम्रकार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। 96.2 फीसदी अंक लाकर एक्सीलेंस स्कूल की छात्रा अंजली ताम्रकार ने पूरे जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। अंजली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों एवं अपने पिता संतोष ताम्रकार व माता श्रीमती रानी ताम्रकार को दिया है।

### अनियंत्रित ट्रक ने मारी पिता-पुत्री को टक्कर

**बड़ामलहरा।** बड़ामलहरा थाना अंतर्गत बाजार जा रहे पिता-पुत्री को ट्रक ने सुबह के समय जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। जानकारी के अनुसार विगत दिवस घायल राजेन्द्र की मां सूरी अहिरवार पत्नि पूरनलाल अहिरवार ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। सूरी अहिरवार ने बताया कि उनका पुत्र राजेन्द्र अहिरवार 44 वर्ष 23 अप्रेल को सुबह लगभग 9 बजे अपनी पुत्री अंशिका को लेकर बाजार जा रहे थे तभी अनियंत्रित ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएफ 4874 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे पिता-पुत्री बुरी तरह घायल हो गए जिनका बड़ामलहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार किया गया।

### केडिया पेट्रोल पंप के पास मिला अज्ञात वृद्ध का शव, पुलिस जुटी जांच में

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 14 केडिया पेट्रोल पंप से यूनियन बैंक के मध्य एक दुकान के टीन सीट के नीचे फर्स मे शनिवार की देर शाम एक अज्ञात वृद्ध का शव नागरिकों की सूचना पर 100 डायल पुलिस आरक्षक कपिल ने बरामद करते हुए शव वाहन से जिला चिकित्सालय के पीएम वार्ड के शव फ्रीजर में सुरक्षित रखाते हुए अज्ञात वृद्ध की तलाश में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक अज्ञात वृद्ध की पहचान नहीं हो सकी है अज्ञात वृद्ध सफेद, काली पाट्टीदार फुलशर्ट, काले रंग का फुलपैन्ट पहने हुए हैं उनके पास एक लाल रंग का प्लास्टिक का थैला जिसमें कुछ कपड़े, ब्रश, जीबी एवं बाजार से खरीदा हुआ नमकीन का पैकेट पाया गया है जेब में पहचान का कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ है, यह वृद्ध शनिवार की दोपहर से स्थल के पास देखे जाने की जानकारी आस-पड़ोस के नागरिकों ने बताई।

### अचानक आंधी तूफान के साथ गिरी आकाशीय बिजली

**अनूपपुर।** 28 अप्रैल की सुबह 8.30 बजे अचानक आंधी तूफान के साथ आकाशीय बिजली गिर जाने से धीरन पिता लोकनाथ 57 वर्ष ग्राम हर्रा टोला की मृत हो गया। म्रतक अपने मवेशियों को पानी पिलाने बांध में लेकर गया था इसी बीच अचानक आकाशीय बिजली गिर जाने से मृत हो गया। मौके पर पुलिस थाना राजेंद्रग्राम पहुंच कर मौका पंचनामा तैयार कर पी एम कराकर लाश को परिजनों को सौंप दिया।

### तय्यबा ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में पाई उल्लेखनीय सफलता

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम चिल्हारी की लाडली लक्ष्मी बेटी तय्यबा खातून ने मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 85.4 प्रतिशत यानी 500 पूर्णांक में 427 अंक प्राप्त कर नायाब उपलब्धि हासिल की है। ग्राम चिल्हारी मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ अफसाना बेगम की तय्यबा खातून दत्तक पुत्री हैं। प्रतिभाशाली तय्यबा खातून ने अपनी पढ़ाई को पूरी संजीदगी से करने के लिए ग्राम चिल्हारी से अनूपपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन के लिए लंबा रास्ता प्रतिदिन तय किया उनकी यह उपलब्धि साधारण नहीं है।

## युवक और परिवार के साथ दबंगों ने की मारपीट

# इलाज के दौरान युवक की मौत





छतरपुर

जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मऊखेरा में बीती शाम पुराने विवाद के चलते एक यादव परिवार के तीन सदस्यों को गांव के ही पांच लोगों द्वारा बुरी तरह मारपीट की गई जिसमें यादव परिवार के लोग बुरी तरह जख्मी हो गए जिन्हें इलाज के लिए पहले गुलगंज इसके बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया जहां सुबह हालत बिगडने पर एक युवक की मौत हो गई जबकि माता-पिता को भी चोटें आयी हैं।

जानकारी के अनुसार मऊखेरा गांव का रहने वाला अरविंद यादव उम्र 22 वर्ष छतरपुर में मजदूरी करता है और वह मजदूरी करके वापस गांव पहुंचा था। अरविंद यादव, उसके पिता पुन्ना यादव एवं उसकी मां घर के दरवाजे पर बैठे थे तभी गांव के दबंग नीरज, कल्लू, नेता, जाहर, मनकुसी मोटर साईकिल से आए और लाठी, डण्डों से सबके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में अरविंद सहित उसके माता-पिता को भी गंभीर चोटे आयीं। इसके बाद परिजन घायलों को गुलगंज थाने ले गए जहां पुलिस ने मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया। घायलों को गुलगंज अस्पताल ले गए जहां हालत गंभीर होने के बाद घायलों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। रात में उपचार होने के बाद सुबह के समय अरविंद यादव की हालत बिगडने लगी तभी परिजन उसे एंबुलेंस से मिशन हॉस्पिटल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। मौत के बाद जिला अस्पताल में अरविंद का पोस्टमार्टम किया गया। वहीं परिजनों को कहना है कि पुराने विवाद के चलते उनके साथ मारपीट की गई थी जिसमें अरविंद यादव की मौत हो गई है। मृतक के भाई मिहीलाल का आरोप है कि गांव के दबंगों द्वारा पुरानी बुराई को लेकर मारपीट की गई थी और पुलिस द्वारा दूसरे पक्ष से पैसे लेकर मामूली धाराओं में केस दर्ज किया गया। एएसपी ने बताया कि पुराने विवाद में पुन्ना यादव और लड़के के साथ मारपीट की गई है। तुरंत एमएली कराई गई और मारपीट की धाराएं लगाई गई थीं। इसके बाद सुबह उसकी मौत हो गई। मौत के बाद धाराओं में इजाफा किया जाएगा। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# बागेश्वर धाम से दर्शन कर लौट रहा परिवार हुआ हादसे का शिकार



छतरपुर

ओरछा रोड थाना अंतर्गत ग्राम कैड़ी के समीप फोरलेन पर बागेश्वर धाम से दर्शन कर लौट रहा एक परिवार हादसे का शिकार हो गया जिसमें गाड़ी में बैठे सभी लोगों को चोटें आयी हैं।

जानकारी के अनुसार कुलपहाड़ निवासी विमला यादव ने बताया कि उनका परिवार चार पहिया वाहन से बागेश्वर धाम दर्शन करने आया था। यादव परिवार दर्शन करने जब वापस लौट रहा था तभी कैड़ी के पास गाड़ी चला रहे यादव परिवार के दामाद को झपकी आ गई जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर खायी में जा गिरी जिससे गाड़ी में बैठे मां, 2 बेटी, 2 दामाद, बहू, नाति, नातिन सभी को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया जहां उनका उपचार किया गया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखी गई ईव्हीएम मशीनें

छतरपुर



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद शहर के उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम मशीनों को रखवाया गया है। उत्कृष्ट विद्यालय में थ्री लेयर सिक्योरिटी की सुरक्षा के बीच मशीनों को रखवाया गया है। जानकारी के अनुसार छतरपुर जिले में लोकसभा की तीन सीटें टीकमगढ़, खजुराहो और दमोह के लिए 6 विधानसभाओं में सम्पन्न हुए चुनाव की ईव्हीएम मशीनों को उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में बने स्ट्रांग रूम में रखवाया गया है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में बीएसएफ के जवान, सशस्त्र बल एवं जिला पुलिस को तैनात किया गया है। वहीं ईव्हीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए सीसीटीव्ही कैमरे भी लगाए गए हैं।

# पीड़िता के लिए शिक्षक ने किया रक्तदान

छतरपुर

रक्तवीर सेवा दल के अमित जैन ने बताया कि पुलिस के द्वारा रक्तदान करने एवं उनके परिवार को भी मदद स्वरूप रक्तदान करने वाले रक्तांजली ब्लड ग्रुप जो कि एसपी अगम जैन के निर्देश एवं रक्तवीर सेवा दल के सहयोग से संचालित है। सहयोग के इस क्रम में एसपी ऑफिस में एकाउंट सेक्सन में पदस्थ मालती अहिरवार की माता सियाबाई जो कि नर्मदा हॉस्पिटल में भर्ती थी जिन्हें रक्त की कमी की सूचना प्राप्त हुई। ब्लड बैंक में उक्त ब्लड ग्रुप उपलब्ध न होने के कारण कई बार के रक्तदानी शिक्षक धर्मेंद्र चौरसिया रक्तदान करने आये। अपनी बाइक से 30 किमी का सफर कर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक आये और रक्तदान कर पीड़िता की मदद की।



## 4 साल से फरार स्थायी वारंटी को पुलिस ने पकड़ा



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर थाना गढ़ीमलहरा पुलिस टीम द्वारा 4 साल पुराने मारपीट के प्रकरण में फरार आरोपी स्थाई वारंटी बंदी उर्फ अरविंद अहिरवार वार्ड नंबर 15 थाना गढ़ीमलहरा को मुखबिर की सूचना पर गढ़ीमलहरा बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थाना गढ़ीमलहरा के अपराध क्रमांक 244/20 एवं न्यायालय के आरसीटी क्रमांक 1161/20 मारपीट, गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी संबंधी धाराओं के प्रकरण के फरार आरोपी बंदी उर्फ अरविंद अहिरवार पर न्यायालय द्वारा माह फरवरी 2024 में स्थाई वारंट जारी किया गया था। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह, जनक सिंह, प्रदीप तिवारी, आरक्षक प्रताप की भूमिका रही।

## जिला औषधि विक्रेता संघ ने जिला प्रशासन को दिया ज्ञापन

# बिना लाइसेंस के ओटीसी दवाओं को बेचने की अनुमति का एईओसीडी ने किया विरोध

छतरपुर

बिना लाइसेंस के ओटीसी यानि ओवर द काउंटर दवाओं की बिक्री किए जाने की केन्द्र सरकार द्वारा जो प्रस्ताव रखा गया है उसके खिलाफ ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स ने विरोध जताया है। देश के स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख स्वास्थ्य सचिव, भारत के औषधि महानियंत्रक, स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक, राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के अध्यक्ष सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर ओटीसी दवाओं की बिक्री का विरोध किया गया है। जिला औषधि विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए ओटीसी दवाओं की बिक्री की अनुमति देने के केन्द्र सरकार के प्रस्ताव पर गहरी चिंता जताई गई है। दवा विक्रेताओं एवं मेडिकल रिप्रेंटेटिव का कहना है कि इस तरह की अनुमति से गंभीर खतरे पैदा होंगे। खासतौर से खतरनाक स्वचिकित्सा और नशीली दवाओं का दुरूपयोग होगा, फार्मासिस्ट परामर्श सेवाओं का अभाव, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में देरी, दवा की अधिक मात्रा के कारण बीमारियों में बढ़ोत्तरी, दवा भण्डारण के मानकों से समझौता जैसे प्रमुख कारण सामने आएंगे। एआईओसीडी ने सरकार से जनहित में ओटीसी दवाओं को बेचने की अनुमति के प्रस्ताव को रोकने की मांग की है। देश भर में करीब साढ़े 12 लाख केमिस्ट और एआईओसीडी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की अखण्ड को कमजोर करने वाले हर मुद्दे के खिलाफ एकजुटता से सभी खड़े रहेंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट उपस्थित रहे।

# कोडा गांव में लोमड़ी के हमले से तीन घायल

## जिला चिकित्सालय में किया गया उपचार

अनूपपुर।

जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत कांसा के कोड़ा गांव में रविवार की सुबह खेत में गेहूं काट रहे दो युवक एवं एक युवती पर एक मानसिक रुप से विक्षिप्त लोमड़ी ने हमला कर तीनों को लहूलुहान कर दिया इसके पहले लोमड़ी ने एक गाय एवं एक बछड़े को भी घायल किया है लोमड़ी के हमला से घायल तीनों को जिला चिकित्सालय अनूपपुर ला कर परिजनों द्वारा उपचार कराया गया। इस बीच जानकारी पर वन्यजीव संरक्षण अनूपपुर एवं वन विभाग के कर्मचारी भी जिला चिकित्सालय एवं घटनास्थल पर पहुंचे। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कांसा के कोड़ा गांव में रविवार की सुबह एक लोमड़ी गांव के बीजू पटेल की एक गाय एवं एक बछड़ा पर अचानक हमला कर घायल किया जिसे



भगाए जाने पर कुछ दूर खेत में गेहूं काटने का काम कर रहे दुर्गा पिता अमरनाथ विश्वकर्मा 18 वर्ष, सुनील पिता दशरथ विश्वकर्मा 28 वर्ष एवं संजय पिता दशरथ विश्वकर्मा 21 वर्ष पर हमला कर तीनों को लहूलुहान कर दिया। घटना की जानकारी पर ग्रामीणों, परिजनो द्वारा तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय अनूपपुर ला कर उपचार कराया गया। उपचार के बाद से तीनों को खतरे से बाहर होना बताया गया है, घटना के बाद से लोमड़ी जंगल की ओर भाग कर चली गई है। ग्रामीणों ने बताया कि विगत दो-तीन दिनों से यह संभवतः मानसिक रूप से विक्षिप्त जंगली जानवर विचरण कर रही है। घटना की जानकारी पर वन्यजीव संरक्षण अनूपपुर शशिधर अग्रवाल,अनूपपुर बीट के वनरक्षक मो. रहीस खान जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों का उपचार कराने बाद घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए स्थल का निरीक्षण किया।

## असामयिक बारिश एवं ओलावृष्टि के पर राज्य शासन ने दी राहत

# गेहूं में निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड किया गया

अनूपपुर।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि असामयिक बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण गेहूं के फसल प्रभावित होने से रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड में शिथिलता प्रदान की गई है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन हेतु एफएक्यू अनुसार निर्धारित सीमा एवं शिथिलता उपरांत निर्धारित सीमा में क्रमशः सिकुडे एवं टूटे दाने 6 प्रतिशत से बढाकर 15 प्रतिशत तक, चमक विहीन 30 प्रतिशत से बढाकर 50 प्रतिशत तक, क्षतिग्रस्त दाने 2 प्रतिशत से बढाकर 6 प्रतिशत तक एवं आंशिक क्षतिग्रस्त दाने 4 प्रतिशत से बढाकर 6 प्रतिशत तक की छूट शासन द्वारा प्रदान की गई है। एफएक्यू मापदण्ड में प्रदान की गई शिथिलता अनुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के संबंध में जिले में कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश जारी किये गये है। एफएक्यू मापदण्ड में प्रदान की गई शिथिलता की सीमा तक उपार्जित गेहूं पर पूर्ण समर्थन मूल्य की राशि मय राज्य बोनस रुपए 2400 प्रति क्विंटल किसानों को भुगतान सुनिश्चित करने एवं मापदण्ड में शिथिलता अनुसार उपार्जित गेहूं के बोरों पर जेड मार्का लाल रंग की स्याही से लगाकर किसानवार पृथक से उपार्जन केन्द्र एवं गोदाम में स्टेकिंग कराई जाने,बोरों पर जेड मार्का इस प्रकार लगाया जाने की वह स्पष्ट रूप से दर्शित हो, उपार्जन केन्द्र के लॉगिन से गेहूं की मात्रा एवं प्रतिशत की जानकारी ई-उपार्जन पोर्टल पर प्रविष्टि अनिवार्य रूप से कराने, गेहूं उपार्जन केन्द्रो से मापदण्ड में शिथिलता अनुसार उपार्जित गेहूं का पृथक-पृथक ट्रकों में परिवहन किए जाने एवं प्रत्येक ट्रक चालान में शिथिलता अनुसार प्रतिशत अंकित किए जाने,एक ट्रक में दोनों प्रकार (एफएक्यू एवं शिथिलता प्रदान अनुसार) के गेहूं का परिवहन नहीं करने, शिथिलता अनुसार गेहूं की प्राप्त भंण्डारण स्थल पर होने पर गोदाम प्रभारी द्वारा किसानवार गेहूं का परीक्षण किए जाने एवं किसानवार गेहूं के प्रतिशत का मैन्यूअल एवं ऑनलाईन जारी किए जाने वाले स्वीकृति पत्रक में प्रविष्टि करने, गेहूं उपार्जन समितियों से प्राप्त मापदण्ड में शिथिलता अनुसार गेहूं ट्रक चालानों में शिथिलता का प्रतिशत दर्ज न होने अथवा एफएक्यू मापदण्ड में शिथिलता सीमा से अधिक प्रतिशत का गेहूं पाए जाने पर ट्रक को भंण्डारण हेतु स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं संबंधित उपार्जन केन्द्रो को वापस करने, भंण्डारण एजेंसी के संग्रहण केन्द्र प्रभारी का दायित्व होगा कि संग्रहण हेतु प्राप्त एफएक्यू एवं मापदण्ड में शिथिलता अनुसार गेहूं की उपार्जन संस्था वार पृथक-पृथक स्टेक लागए जांने, गेहूं के भंण्डारण में लगाए जाने वाले स्टेक कार्ड में एफएक्यू अथवा मापदण्ड में शिथिलता का पूर्ण विवरण अंकित किया जाएगा जिसमें ट्रक चालान में उल्लेंखित मापदण्ड में शिथिलता अनुसार प्रतिशत को दर्ज किये जाने, भंडारण एजेंसी द्वारा स्वयं के एवं संयुक्त भागीदारी योजनांतर्गत अनुबंधित गोदाम मालिकों से एफएक्यू एवं मापदण्ड में शिथिलता अनुसार गेहूं को पृथक-पृथक संस्थावार स्टेक लगाकर भंण्डारित करने तथा एफएक्यू मापदण्डो में अनुसार गेहूं का उपार्जन, परिवहन, भंण्डारण एवं उसके प्रतिशत के निर्धारण आदि की जानकारी प्रदान करने हेतु उपार्जन कार्य में संलग्न कर्मियों यथा-उपार्जन संस्थात प्रभारी, कम्प्यूटर आपरेटर, सर्वेयर तथा उपार्जन/भण्डांरण एजेंसी के गोदाम में कार्यरत कर्मियों को प्रशिक्षण उपार्जन एजेंसी द्वारा दिये जाने के निर्देश दिये गये है।

## खबर संक्षेप

### कमिश्नर 30 अप्रैल को करेंगे पेयजल व्यवस्था की समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड 30 अप्रैल को प्रातः 11.30 बजे से आयोजित गूगल मीट में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसमें जल जीवन मिशन से पेयजल की आपूर्ति, हैण्डपंपों के सुधार की व्यवस्था तथा पेयजल परिवहन की समीक्षा की जायेगी। बैठक में संभाग के सभी जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुक्त नगर निगम, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन तथा पीएचई विभाग के अधिकारी शामिल रहेंगे।

### कमिश्नर आज करेंगे विभिन्न कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार विकास कार्यों की प्रगति एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की संभाग स्तर पर समीक्षा की जा रही है। रीवा संभाग में 5 जनवरी तथा 12 फरवरी को आयोजित बैठकों में विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गयी। इन बैठकों में लिये गये निर्णयों पर विभिन्न विभागों के अधिकारी लगातार कार्यवाही कर रहे हैं। रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड 29 अप्रैल को दोपहर 12.15 बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में संभागीय समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें - डॉ. शुक्ला

**रीवा।** जिले में पिछले 4 दिनों में तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रातः 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। जिले में 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। रात में भी तापमान लगातार अधिक बना हुआ है मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अतिआवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

## शवों को एसडीआरएफ की टीम ने किया बरामद

# नहाते समय बिहर नदी में डूबे दो छात्र

जिले के शहर मे बीचो-बीच बह रही बिहार नदी मे शनिवार को कक्षा दसवीं के दो छात्र नहाते समय डूब गए । जिसकी सूचना आसपास के लोगों द्वारा पुलिस को दी गई ।

रीवा ।



पुलिस एनडीआरएफ की टीम की मदद से दोनों छात्रों के तलाश में जुट गई । वही रविवार की सुबह दोनो छात्रों के शवों को एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किया है जानकारी के मुताबिक जिले के बिहर नदी करहिया घाट में किसन पाण्डेय पिता सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय उम्र 16 वर्ष निवासी संजय नगर, व कृष्णा कोरी पिता अंबिका कोरी उम्र 16 वर्ष निवासी संजय नगर कक्षा 10वी का परीक्षा दिया था । दोनों शनिवार को घर से नहाने के लिए बिहर नदी गए थे लेकिन काफी देर तक वह घर वापस नहीं पहुंचे तो इसके बाद परिजन उनकी तलाश में निकले तो दोनों छात्रों के कपड़े बिहर नदी के किनारे पड़े मिले लेकिन उनकी साइकिल वहां नहीं दिखी जिससे परिजनों को दोनो के नदी में डूबने की आशंका हुई । पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पहुंचकर दोनो छात्रों को नदी में ढूंढने लगी लेकिन देर रात तक एसडीआरएफ टीम को कोई सफलता नहीं मिली जिससे आज पुनः एसडीआरएफ की टीम ने सुबह नदी में दोनों छात्रों को तलाश करना शुरू किया कुछ ही समय बाद दोनो छात्रों के शवो को गोताखोर की टीमों द्वारा बरामद किया वही पुलिस मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शव को मर्चरी हाउस में रखवा कर जांच करना शुरू कर दिया ।



## नाले में मिला नर कंकाल, पुलिस व एफएसएल की टीम जांच में जुटी, शरीर के कई अंग गायब

**रीवा** । जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र मे रविवार की सुबह अमरैया गांव स्थित धिरमा नाल में स्थानी किसान ने एक नर कंकाल देखा।जिसकी सूचना किस ने पुलिस को दी। मौके पर चोराहटा पुलिस और एफएसएल की टीम पहुंचकर छानबीन शुरू की । मिली जानकारी के अनुसार कंकाल के शरीर के कई अंग गायब है आसपास एक चप्पल और शरीर पर काला पेंट दिखाई दे रहा है जिससे पुलिस ने यह पहचान की वह किसी युवक का शव है । स्थानीय निवासी किसान अजय शुक्ला ने बताया कि सुबह खेत में काम कर रहा था तभी उसे सूखे नाले से गंध आने लगी आसपास देखने के बाद नाले में एक नल कंकाल दिखाई दिया जिसकी सूचना चोरहटा चलता पुलिस को दी गई । वही बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर युवक का नर कंकाल मिला है वहां जाने के लिए उस स्थान पर रास्ता नहीं है शरीर पूरी तरह से गल जाने के कारण युवक की पहचान अभि तक नहीं हो पाई है । युवक वहां कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन कर्म से हुई इस बात का पता लगाने के लिए एफएसएल की टीम मौके पर साक्ष्य एकत्रित किया है । सुनसान जगह पर स्थित उस स्थान तक युवक कैसे पहुंचा पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी ।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोरी के साथ दुष्कर्म, पुलिस के लिए बना मुसीबत




रीवा ।

जिले से दिल दहलाने वाली घटना घटी सामने आई है जहां बिछिप्त युवती के साथ मानवता को शर्मशार कर करने वाली वारदात हुई है । गुरुवार को संजय गांधी अस्पताल में एक बिछिप्त किशोरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने भर्ती करवाया था जिसके वस्त्र फटे हुए थे। जानकारी के अनुसार किशोरी के मिलने के बाद चिकित्सकों ने पूछताछ कर मेडिकल परीक्षण किया तो किशोरी के पेट में चार माह का गर्भ मिला, किशोरी मानसिक रूप से बिछिप्त है जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। जिसे साइकाइट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है । वहीं पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस किशोरी के संबंध में जानकारी जुटा रही है। किशोरी के साथ हैवानियत कहां हुई और किसके द्वारा की गई । पूरे मामले की पुलिस छानबीन कर रही है। फिलहाल एक तरफ जहां किशोरी का उपचार चल रहा है वहीं दूसरी तरफ पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### इनका कहना है

किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे अस्पताल में एडमिट करवाया था वहां से पता चला कि वह चार माह की गर्भवती है उसके हिसाब से कायमी की गई है क्योंकि महिला बिछिप्त है कोई भी जानकारी नहीं दे पा रही है हमें अभी उसका कोई परिचित भी नहीं मिला है अभी पूरा प्रकरण जांच में लिया गया है आगे जो भी कार्रवाई की जाएगी जानकारी दी जाएगी ।

**रितु उपाध्याय**
**सीएसपी रीवा**

## शराब गारंटी मामले में हाईकोर्ट सख्त कलेक्टर, एसपी, आबकारी आयुक्त को नोटिस हुई जारी

रीवा।

प्रदेश के रीवा जिले का बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में एक नया मोड़ सामने आया है, वर्ष 2022-23 में शराब दुकान ठेका पाने के लिए नौ लोगों ने ऐसा जुगाड़ लगाया था कि अब यह जुगाड़ जिले के अधिकारियों के लिए गले का फांस बन गया है ।दरअसल जबलपुर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि शराब ठेका पाने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मोरवा सिंगरौली द्वारा फर्जी तरीके से परफॉर्मेंस गारंटी दी गई थी शिकायत के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई. अब इस मामले में मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ एवं न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगल पीठ ने रीवा जिले के कलेक्टर, एसपी, कमर्शियल टैक्स विभाग के प्रमुख सचिव, ईओडब्ल्यू एसपी,




आबकारी आयुक्त को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है ।रीवा निवासी अधिवक्ता वी .के माला द्वारा अपने अधिवक्ता अमित सिंह के माध्यम से जनहित याचिका लगाई गई थी। उन्होंने कहा था कि रीवा में नौ लोगों के द्वारा संयुक्त शराब ठेका पाने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मोरवा सिंगरौली के अधिकारियों के माध्यम से फर्जी बैंक गारंटी लगाई गई थी. शराब ठेका पाने के लिए बिना किसी मार्जिन मनी जमा के ही 15 करोड रुपए की गारंटी बनवाई गई थी । अधिवक्ता ने जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए बताया कि आरबीआई द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार शेड्यूल्ड बैंक जैसे नेशनलाइज्ड और रीजनल बैंक आदि को परफॉर्मेंस गारंटी देने का अधिकार है कोऑपरेटिव बैंकों को इसका अधिकार नही है. इस पूरे मामले की शिकायत के बाद जांच हुई और बैंक ने स्वीकार किया कि फर्जी तरीके से बैंक गारंटी जारी की गई है. लेकिन अब तक इसमें कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है. जिसके बाद जबलपुर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है. जिसके बाद उच्च न्यायालय ने रीवा जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक कमर्शियल टैक्स विभाग के प्रमुख सचिव, ईओडब्ल्यू एसपी, आबकारी आयुक्त को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया ।

## गेंहू उपार्जन के लिये किसान बुक कर सकते हैं अपने स्लॉट

रीवा !

किसानों को उनकी उपज का अधिकतम दाम देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल का उपार्जन किया जाता है। पंजीकृत किसानों से जिले के निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन प्रारंभ कर दिया गया है। जिले भर में सहकारी समितियों के माध्यम से नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा गेंहू की खरीद की जा रही है। गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक करने का कार्य आरंभ हो गया है।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि इस वर्ष किसानों को गेंहू खरीद के लिए एसएमएस नहीं भेजा जाएगा। किसान गेंहू के बिक्री का दिनांक तथा समय एमपी ई उपार्जन डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर स्वयं बुक कर सकते हैं। किसान सबसे पहले ई उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन की लिंक क्लिक करें। इसमें स्लॉट बुकिंग का विकल्प दिखेगा। किसान अपना पंजीयन कोड दर्ज करें। कोड दर्ज करने पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद किसान तहसील, उपार्जन केन्द्र तथा उपज बिक्री का दिनांक दर्ज करें। इसके बाद स्लॉट बुक पर सबमिट करें। पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की जानकारी प्रदर्शित होगी। इसका प्रिंट निकाला जा सकता है।

कलेक्टर ने बताया कि किसान अपने पंजीकृत एन्ड्रॉयड फोन, लोक सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत, एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर, उपार्जन केन्द्र तथा इंटरनेट कैफे का उपयोग कर गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसान प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच स्लॉट बुक कर सकते हैं। गेंहू का उपार्जन प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक किया जाएगा। किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की वैधता तीन कार्य दिवस की होगी। जिस तहसील में किसान की भूमि है उस तहसील के किसी भी खरीदी केन्द्र में अपना गेंहू बेच सकते हैं।

### अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 149987 क्वटल गेंहू की खरीद

जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 28 अप्रैल तक 701 किसानों से 149987 क्वटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 359 करोड़ 97 लाख 80 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि उपार्जित गेंहू का भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 19115 क्वटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 30 करोड़ 56 लाख 64 हजार रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 5247 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। जिले में सहकारी समितियों के मध्याम से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अधिकतर खरीदी केन्द्र गोदाम स्तर पर बनाये गये हैं।

## गेंहू उपार्जन की निगरानी के लिए अधिकारी तैनात

रीवा

जिले भर में 82 खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गेंहू उपार्जन की निगरानी के लिए राजस्व अधिकारियों तथा जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की है। तहसील गुढ़ में एसडीएम अनुराग तिवारी, तहसीलदार विनय मुर्ति शर्मा तथा नायब तहसीलदार तेजपती सिंह को तैनात किया गया है। तहसील जवा के खरीदी केन्द्रों की निगरानी के लिए तहसीलदार राजेश कुमार शुक्ला, तहसीलदार राजेन्द्र शुक्ला तथा एसडीएम पीयूष भटट को तैनात किया गया है। त्योंथर तहसील के खरीदी केन्द्रों की निगरानी के लिए एसडीएम संजय कुमार जैन, नायब तहसीलदार द्वारिका प्रसाद दहायत, नायब तहसीलदार भगवानदास रैदास, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र द्विवेदी तथा तहसील मनगवां में एसडीएम प्रभाशंकर त्रिपाठी, नायब तहसीलदार साधना सिंह, तहसीलदार नीलेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार मनोज सिंह एवं नायब तहसीलदार राजीव कुमार शुक्ला को तैनात किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार रायपुर कर्चुलियान तहसील में तहसीलदार सुमित गुप्ता, नायब तहसीलदार शारदा प्रसाद प्रजापति, नायब तहसीलदार दिलीप कुमार श्रीवास्तव तथा सिरमौर तहसील में तहसीलदार सोनाली देव, नायब तहसीलदार रमाकांत तिवारी एवं नायब तहसीलदार मनोज शुक्ला को तैनात किया गया है। सेमरिया तहसील में एसडीएम आरके सिन्हा, नायब तहसीलदार आंचल अग्रहरी, तहसीलदार अर्जुन कुमार बेलवंशी तथा हुजूर तहसील में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, नायब तहसीलदार अरूण यादव, नायब तहसीलदार विन्ध्या मिश्रा तथा नायब तहसीलदार बिन्दु तिवारी को तैनात किया गया है। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की है। तहसील गुढ़ तथा रायपुर कर्चुलियान में उप संचालक कृषि यूपी बागरी, तहसील जवा में महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय तथा तहसील त्योंथर में उपायुक्त सहकारिता अशोक शुक्ला तथा सहायक नियंत्रक नापतौल विजय खातातकर को तैनात किया है। तहसील मनगवां में जिला विपणन अधिकारी शिखा वर्मा, सिरमौर में मंडी सचिव विष्णु शुक्ला, सेमरिया में जिला प्रबंधक वेयर हाउस कमलभान बागरी तथा तहसील हुजूर में सहायक संचालक उद्यानिकी योगेश पाठक को तैनात किया गया है।

## मतदान कर्मियों से की चर्चा, पूछा - कोई समस्या या परेशानी हो तो बतायें

# कृषि उपज मंडी में घूम-घूमकर कलेक्टर ने जाना मतदान कर्मियों का अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मतदान कराने के बाद सामग्री वापसी करने के लिए कृषि उपज मंडी पहुँचे मतदान कर्मियों से घूम-घूमकर मुखातिब हो रहे कलेक्टर अवि प्रसाद ने मतदान कर्मियों से मतदान कराकर वापस आने तक की यात्रा के अनुभव जाना।

सभी ने इस बार की व्यवस्थाओं को बेहतर बताया तो कलेक्टर ने कहा कि - हम आपसे उन विषयों को जानना चाहते हैं, जिसमें आपको असुविधा और कठिनाई हुई हो। जिसमें वाहन, मतदान केन्द्र में रहने, प्रसाधन, कूलर, पंखे, पेयजल, भोजन या अन्य किसी भी सुविधा मे कमी की वजह से मतदान दलों को कोई भी परेशानी का समना करना पड़ा हो।

### अच्छाईयों के साथ कमियाँ बताएं

कलेक्टर श्री प्रसाद पूरे कृषि उपज मंडी



मे शुक्रवार की देर रात तक घूम-घूमकर यहां - वहां बैठे मतदान कर्मियों के पास खुद जा- जाकर हर मतदान दल से उनके अनुभव पूछते रहे। कलेक्टर के मतदान कर्मियों के पास पहुचते ही शिष्टाचारवश उठकर खडे.होने वाले मतदान कर्मियों को वे बड़ी ही सहजता और आत्मीयता से कहते थे कि - आप सब बैठे रहें, दिनभर मतदान कराकर आये है, थक गये है। मैं ही आपके पास आ रहा हूँ । हर मिलने वाला मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं की प्रशंसा कर रहा था। तभी कलेक्टर श्री प्रसाद ने यह कहकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया कि जो व्यवस्थाएं बढियां रहीं वो सब तो ठीक है, लेकिन मैं आप सब से व्यवस्थाओं में कमियां जानना चाहता हूँ , ताकि इन अनुभवों का लाभ लेकर कमियों को दूर किया जा सके।

### बारात की तरह हुआ स्वागत

कलेक्टर से भेंट में मतदान दलों के सदस्यों ने प्रशासन की व्यवस्थाओं को बेहतर बताया। विजयराघवगढ़ के ग्राम बरहटी के मतदान दल ने कहा कि- साहब मतदान केन्द्र में पहुंचने पर उनका स्वागत बी.एल.ओ, सचिव और जी.आर.एस द्वारा बारातियों की तरह किया गया। यहां उनका तिलक वंदन कर ,फूल मालांए पहनाई गई और पहुंचते ही नाश्ते में रसगुल्ला भी खिलाया गया। इस पर परिहास करते हुए कलेक्टर ने कहा कि - कहाँ गए थे, हम भी लगा लेते है अपनी डयूटी .......। ये वे लम्हे थे जो मतदान कर्मी बेहतर व्यवस्थाओं के अपने अनुभवों को बड़ी आत्मीयता से अपने कलेक्टर के साथ साझा कर रहे थे।

### कलेक्टर के साथ सेल्फी

तीनों विधानसभा क्षेत्रों के पंडाल मे कलेक्टर श्री प्रसाद के पहुंचते ही मतदान कर्मियों में मतदान कराने के लम्हों को यादगार बनाने की मंशा के साथ जब कलेक्टर के साथ सेल्फी लेने और फोटो खिचवाने की इच्छा व्यक्त की तो कलेक्टर ने इसके लिए सहज स्वीकृति देते हुए किसी को भी मायूस नहीं किया। उन्होंने बड़ी ही सहजता और आत्मीयता से हर मतदान कर्मी को सेल्फी लेने और फोटो खिंचवाने का मौका दिया। कई मतदान कर्मी कलेक्टर की सादगी और आत्मीय बातचीत के लहजे से इतने सहज हो गए कि कईयों ने तो चुनाव से इतर अपनी कई निजी और विभागीय समस्याओं के निराकरण कराने का आग्रह किया।

## शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र खजुराहो में आने वाले मुड़वारा, बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी 865मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुगम और पारदर्शी तरीके व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद ने निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आम नागरिकों, मतदाताओं, सुरक्षा बलों, मीडिया कर्मियों आदि के प्रति आभार व्यक्त किया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने लोकसभा निर्वाचन कार्य से संबद्ध प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, जिला अधिकारियों और कर्मचारियों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी शासकीय कर्मियों की लगन, निष्ठा और कड़ी मेहनत की वजह से कटनी जिले के मुड़वारा , बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न हुआ।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने विशेष रूप से दिव्यांग मतदाताओं, 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं द्वारा मतदान के पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने के लिए आभार जताया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि निर्वाचन की आचार संहिता लगने से लेकर मतदान होने तक अधिकारियों-कर्मचारियों ने निर्विघ्न चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए जो मेहनत की थी वह फलीभूत हुई है।